पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>इंदिरा गांधी एनएसएस पुरस्कार से सम्मानित हर्षित ने राज्यपाल से भेट की</u>

लखनऊः 26 फरवरी, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में विद्यार्थी हर्षित सिंह ने भेट की। श्री हर्षित सिंह को गत 19 नवम्बर, 2015 को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में राष्ट्रपति डॉ0 प्रणव मुखर्जी ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय सेवा योजना पुरस्कार 2014-15 से सम्मानित किया। श्री हर्षित उत्तर प्रदेश से पुरस्कार पाले वाले अकेले वालंटियर हैं। श्री हर्षित श्री जय नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, लखनऊ के बी0काम0 तृतीय वर्ष के छात्र हैं।

श्री हर्षित पिछले चार वर्षों से अपने रचनात्मक कौशल के साथ प्रदेश में अलग-अलग क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं। वे पौधा रोपण, एच0आई0वी0/एड्स जागरूकता कार्यक्रम, पर्यावरण जागरूकता, स्वास्थ्य, टीकाकरण एवं मलिन बस्तियों के बच्चों की शिक्षा के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने 2014 में 'इनोवेशन फार चेंज' ग्रुप की शुरूआत की है, जिसमें वे अपने साथियों के साथ बच्चों को पेपर ज्वैलरी बनाना, कार्टून बनाना व फेस पेन्टिग करना आदि सिखाते हैं।

राज्यपाल ने श्री हर्षित की प्रशंसा करते हुए उनके उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी।

अंजुम/ललित/राजभवन(75/34)

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल
उत्तर प्रदेश के राज्यपाल

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल
उत्तर प्रदेश के राज्यपाल